11. श्री के0के0 वर्मा,कनीय अभियंता,पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल,पटना।
12. श्री अरूण प्रसाद गुप्ता,कनीय अभियंता,लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण,पटना पश्चिमी,पटना।
13. श्री शेखर कुमार यादव,कनीय अभियंता विद्युत,पटना।
14. श्री शाहिद इकबाल, अवधायक, पटना परिसदन,पटना।

2. भूमिकाः–

पटना परिसदन बिहार राज्य का एक अति महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान है।इस परिसदन में अति विशिष्ट महानुभाव एवं बिहार के बाहर के अतिथि का आवासनं होता है, परन्तु परिसदन का समुचित रख–रखाव के अभाव में अतिथियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, जिसके कारण राज्य की छवि पर पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।

राज्य के अतिथियों को अन्य महँगे होटलों में आवासन करना पड़ता है, जिससे वितीय बोझ राज्य पर पड़ता है।

अतः निर्णय लिया गया है कि परिसदन के आवास, विद्युत ,पंयजल एवं अन्य व्यवस्था को उ स्तरीय बनाने हेतु प्रत्येक पन्द्रह दिनों में आयोजित होने वाले बैठक को जारी रखा जाय।

3. भवनः–

पटना परिसदनके उन्नयन के लिए भवन निर्माण विभाग को पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय से अवगत कराते हुए निम्नांकित निदेश दी गयीः–

(1) पूर्व बैठक में मॉगे गये स्पष्टीकरण का जवाब अभी तक अप्राप्त रहने पर छोभ व्यक्त करते हुए दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण देने का निदेश दिया गया।

(2) कार्यपालक अभियंता ,भवन निर्माण विभाग,पटना द्वारा धौलपुर स्टोन लगाने कार्य अभी तक समाप्त नहीं होने के संबंध में बताया गया कि अति बृष्टि के कारण कार्य बाधित हो रहा है, पु उन्होंने बताया कि दिनांक 20अगस्त 07 तक स्टोन लगाने का कार्य पूरा कर दिया जायगा।

(3) कार्यपालक अभियंता ,भवन ने बताया कि परिसदन के नौ कमरों में बेस्ट क्वालिटी के मार्बोनेट टाइल्स लगाने का कार्य दिनांक 20.08.07 तक पूरा कर लिया जयगा।

(4) परिसदन के भू–तल के कमरों में लगे पीछे के दरबाजे से सॉप, छुछुन्दर आदि का प्रवेश होने कारण अविलम्ब दरवाजे को ईट से बन्द करने का निदेश दिया गया ।

(5) परिसदन में पीछे बने पुराने गैराज आदि को अविलम्ब ध्वस्त कर स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार बैरक ,गैराज,स्टाफ क्वाटर आदि बनाने का कार्य प्रारम्भ करने का निदेश दिया गया ।

(6) परिसदन में कम से कम दस गैराज निर्माण का निदेश दिया गया,अगर इसके लिए आवश्यकता हुई तो प्राक्कलन बना कर स्वकृति हेतु भेजकर स्वीकृति प्राप्त कर गैराज निर्माण कार्य किये जाने का भी निदेश दिया गया ।

(7) अवधायक पटना परिसदन ने अवगत कराया कि सभी कर्मचारी के क्वाटर में पानी टपकता है जिसे अविलम्ब ठीक कराने का निदेश दिया गया ।

(8) किचेन, स्टाफ क्वाटर आदि निर्माण होने के बाद परिसदन के पीछे भाग में बने किचेन एवं क्वाटर को ध्वस्त करने का निदेश दिया गया ।

(9) परिसदन के सभी कमरों के बाथरूम मेंबेस्ट क्वालिटी के मार्बोनेट टाइल्स बारी–बारी कर लगाने का निदेश दिया गया ।

(10) कार्यपालक अभियंता ,भवन द्वारा बताया गया कि बैरक ,किचेन,स्टाफ क्वाटर आदि बनाने का कार्य अविलम्ब प्रारम्भ कर इसे छः माह के अन्दर पुरा कर लिया जायगा ,जिसपर जिलाधिकारी महोदय द्वारा निदेश दिया गया कि कार्य में अनावश्यक विलम्ब न हो जिसका पुरा–पुरा ध्यान रखा जाय।

(11) परिसदन में निर्माण होने वाले बैरक ,किचेन ,स्टाफ क्वाटर आदि का नींब ऐसा तैयार किया जाए कि उसके उपर भी भवन निर्माण कार्य किया जा सके साथ ही परिसदन के लिए और कमरों के निर्माण हेतु प्राक्कलन तैयार कर स्वीकृति प्राप्त करने कि दिशा में कार्रवाई करने का निदेश दिया गया ।

(अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता,भ0नि0विभाग,पटना।)

4. विद्युत :–

पटना परिसदन के उन्नयन से संबंधित विद्युत विभाग को पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय से अवगत कराते हुए निम्नांकित निदेश दी गयीः–
(1) परिसदन के सौन्दर्यीकरण हेतु भेजे गए प्राक्कलन की स्वीकृति हेतु अधोहस्ताक्षरी के स्तर से प्रयास किया जा रहा है।जब तक स्वीकृति नहीं हो जाती है, तब तकनिदेश दिया गया कि कार्यपालक अभियंता आवश्यकतानुसार कार्य करते रहेगे।

(अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता,विद्युत कार्य प्रमंडल,पटना

5.दूरभाष :–

पटना परिसदन के उन्नयन से संबंधित पूर्व में लिए गये निर्णय के अनुपालन एवं विद्युत विभाग से समन्बय स्थापित कर कार्य करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालनः–मंडल अभियंता,दूरभाष,बी0एस0एन0एल0पटना।

6. स्वच्छता अधिष्ठापनः–

भवन विभाग से समन्बय स्थापित कर कार्य करने का निदेश दिया गया ।

(अनुपालन :– कार्यपालक अभियंता,लोक स्वास्थ्य प्रमंडल,पटना।

7. उद्यानः—
परिसदन के सौंदर्यकरण हेतु पाँच हजार पौधा सहित गमला का प्राक्कलन की स्वीकृति के दिशा मे ठोस प्रयास करने का निदेश दिया गया ।

(अनुपालन :— कार्यपालक पदाधिकारी,उद्यान प्रमंडल,म0नि0वि0,पटना।)

8.अन्य व्यवस्थाः—

1.वन प्रमण्डल पदाधिकारी के स्वकृत्योचित के बाद जिला नजारत उप समाहर्ता को निदेश दिया गया कि कार्यपालक अभियंता,पथ निर्माण विभाग से सम्पर्क स्थापित कर परिसदन के घेरा के बगल मे उग आये सिमल बृक्ष ,ताड़ का बृक्ष,परिसदन के अन्दर के बरगद बृक्ष के टहनी को एवं अन्य छोटे पौधों को अविलम्ब कटवाकर हटाने का निदेश दिया गया ।

(अनुपालन :—नजारत उप समाहर्ता,पटना।)

सधन्यबाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

Rajendra 2.8.2007
जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक. XI-6/07 ....1111............ / नजा0,पटना,दिनांक ...6.8.07...........
प्रतिलिपिः— सभी संबंधित पदाधिकारियों का सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपिः— आयुक्त ,पटना प्रमंडल, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Rajendra 2.8.2007
जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक. XI-6/07 ....1111............ / नजा0,पटना,दिनांक ...6.8.07...........

प्रतिलिपिः— सचिव, राजस्व पर्षद, बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Rajendra 2.8.2007
जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक.. XI-6/07 ....1111............ / नजा0,पटना,दिनांक ...6.8.07...........
प्रतिलिपिः—सचिव, उर्जा विभाग बिहार,पटना / विकास आयुक्त, बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित

Rajendra 2.8.2007
जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक.XI-6/07 ....1111............ / नजा0,पटना,दिनांक ...6.8.07...........
प्रतिलिपिः— मुख्य सचिव, बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Rajendra 2.8.2007
जिलाधिकारी,
पटना।

**दिनांक 22.6.07 को डॉ0 बी0 राजेन्दर, जिलाधिकारी, पटना की अध्यक्षता में पटना परिसदन के विकास हेतु सम्पन्न बैठक की कार्यवाही।**

1. **उपस्थिति**
   1. डॉ0 बी0 राजेन्दर, भा0 प्र0 से0, जिलाधिकारी, पटना।
   2. श्री आर0 के0 सिन्हा, अपर जिला दण्डाधिकारी, नजारत
   3. श्री मनोज कुमार चौधरी, नयाचार पदाधिकारी, पटना
   4. डॉ0 महेन्द्र पाल, नजारत उप समाहर्ता, पटना
   5. श्री दिनेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना पश्चिमी
   6. श्री आर0 एन0 दूबे, कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण एवं आवास विभाग, पाटलीपुत्रा प्रमंडल, पटना।
   7. श्री नरेश कुमार गुप्ता, सहायक अभियंता, भवन निर्माण एवं आवास विभाग,पाटलीपुत्रा प्रमंडल, पटना।
   8. श्री कामेश्वर सिंह, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना।
   9. श्री असीम कुमार, कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, पटना।
   10. श्री शत्रुधन राय, मंडल अभियंता, दूरभाष, पटना
   11. श्री वरूण कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी, उद्यान प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, पटना।
   12. श्री के0 के0 वर्मा, कनीय अभियंता, पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना।

**2. भूमिका**

पटना परिसदन, बिहार राज्य का एक अति महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान है। इस परिसदन में अतिविशिष्ट महानुभावों एवं बिहार के अतिथियों का आवासन होता है। परन्तु परिसदन के समुचित रख–रखाव के अभाव में अतिथियों को कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है जिसके कारण राज्य की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

अतः निर्णय लिया गया है कि परिसदन के आवास, विद्युत, पेयजल एवं अन्य व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाने हेतु प्रत्येक पन्द्रह दिनों में आयोजित होने वाली बैठक को जारी रखा जाय।

3 **भवन**

(क) कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग द्वारा दिनांक 20.5.07 को यह बताया गया था कि संवेदक की हत्या के कारण धौलपुर स्टोन लगाने का कार्य बन्द पड़े है। उनके द्वारा यह भी कहा गया था कि यह कार्य दिनांक 05.06.07 तक अचूक रूप से पूरा कर दी जायेगी। आज दिनांक 22.06.07 तक यह कार्य पूर्ण नही हो सका है। कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग द्वारा सही रूप से आंकलन नही करने के संबंध में स्पष्टीकरण पूछा जाय कि जिलाधिकारी को दिये गये आश्वासन को पूरा क्यों नही किया गया और क्यों नही इसके लिये उनके विरूद्ध सरकार को प्रतिवेदित किया जाय। आज दिनांक 22.6.07 को पुनः कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग द्वारा संवेदक की हत्या के कारण बन्द पड़े धौलपुर स्टोन लगाने का कार्य 20 (बीस) दिनों में पूरा कर लेने का आश्वासन दिया गया। परन्तु उन्हें 30 (तीस) दिनों का समय दिया जाता है अर्थात दिनांक 22.7.07 तक पूर्ण करने हेतु अन्तिम मौका

दिया जाता है। यदि समय–सीमा के अन्दर उनके द्वारा कार्य पूरा नही किया जाता है तो वैसी दशा में उनके विरूद्ध सरकार को प्रतिवेदित किया जायेगा।

**(अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण एवं आवास विभाग, पाटलीपुत्रा प्रमंडल)**

**(ख)** कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण एवं आवास विभाग पाटलीपुत्रा प्रमंडल, पटना श्री राम निवास दूवे ने बताया कि परिसदन की पूर्व में प्रस्तावित वैरेक, किचेन, स्टाफ क्वार्टर, गेट, वाउन्ड्रीवाल इत्यादि का करीब सैतालीस लाख रूपये का प्राक्कलन तैयार किया गया है। उनके द्वारा दिनांक 20.05.07 की बैठक में यह बताया गया था कि यह कार्य दिनांक 10.06.07 तक प्रारम्भ कर दी जायेगी। परन्तु आज इनके द्वारा बताया गया कि दो दिन पूर्व निविदा प्राप्त किया गया है और अनुमोदन हेतु अधीक्षण अभियंता के पास भेज दी गयी है। उन्हें निदेशित किया गया कि दिनांक 30.6.07 तक अनुमोदन प्राप्त कर यह कार्य दिनांक 01.07.07 तक प्रारम्भ कर दी जाय। विदित हो इसमें किसी तरह की चूक नही होनी चाहिए। उन्हें यह निदेश दिया जाता है कि कार्यो की एग्रीमेन्ट की एक–एक प्रति जिलाधिकारी को भेजें ताकि उसकी गुणवत्ता एवं समय–सीमा को ध्यान में रखते हुये कार्य को पूर्ण कराया जा सके। साथ ही कार्य–वार निम्नांकित प्रपत्र में कार्यक्रम भेजने हेतु निदेश दिया गया–

| प्राक्कलन | कार्य प्रारम्भ होने की तिथि | कबतक कार्य पूरा किया गया | प्रत्येक 15 दिन की प्रगति का प्रतिवेदन |
|---|---|---|---|

अगर इसमें राशि की उपलब्धता या प्रशासनिक कठिनाई हो तो जिलाधिकारी को सूचित करेंगे। जिला स्तर पर दो घंटे के अन्दर उस समस्या का समाधान किया जायेगा।

**(अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण एवं आवास विभाग, पाटलीपुत्रा प्रमंडल)**

**(ग)** जबतक बृहत पैमाने पर परिसदन का कार्य प्रारम्भ नही होगा तबतक उन 09 अकार्यरत कमरों में टाईल्स लगाने एवं अन्य कार्यो में विलम्ब होगा। कार्यपालक अभियंता भवन, विद्युत प्रमंडल एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन विभाग को सामुहिक रूप से दिनांक 5.6.07 प्रथम एवं द्वितीय तल्लों के 09 कमरों को आवासन योग्य बनाकर अवधायक को उपलब्ध करा देना था परन्तु यह कार्य सम्पन्न न होना बड़े ही दुर्भाग्यपूर्ण बात है। निदेशित किया गया कि कार्यपालक अभियंता भवन, विद्युत प्रमंडल एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन विभाग आपस में समन्वय स्थापित कर इन कार्यो को दिनांक 7.7.07 तक सम्पन्न करा देंगे। दिनांक 8.7.07 को जिलाधिकारी द्वारा इसका निरीक्षण किया जायेगा।

**(अनुपालन–कार्यपालक अभियंता भवन, विद्युत प्रमंडल एंव लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण)**

**(घ)** परिसदन के परिसर में पथ का निर्माण, चाहरदिवारी निर्माण एवं गैरेज तोड़कर भण्डार कमरा का निर्माण कार्य का प्राक्कलन दिनांक 1.7.07 तक तैयार कर उसके आवंटन हेतु भवन निर्माण विभाग को भेजना कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग सुनिश्चित करेंगे।

**(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग)**

**(ङ0)** परिसदन में वर्षो से पड़े खराब एवं अकार्यरत कुर्सी, टेबुल, लकड़ी का पलंग, आलमीरा एवं अन्य उपस्करों की निलामी की आवश्यकता है। इसके निलामी हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण आवास विभाग, पाटलीपुत्रा प्रमंडल को निदेश दिया गया था परन्तु इनके द्वारा जिलाधिकारी को अपने स्तर पर निलामी हेतु लिखा गया है।

यह विदित हो कि सरकारी भवन का सभी उपस्कर भवन निर्माण विभाग या जिला प्रशासन का होता है। कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल मूल्यांकन कर P.W.D.Code के अनुसार नीलामी करें।

**(अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग एवं जिला नियंत्रण कक्ष)**

**(च)** कार्यपालक अभियंता एवं नजारत उप समाहर्ता समन्वय स्थापित कर सभी कमरों में लगनेवाला पलंग, सोफा, ड्रेसिंग टेबुल, कुर्सी, मच्छड़दानी, साईड टेबुल इत्यादि सामग्रियों का प्राक्कलन दिनांक 1.7.07 तक तैयार कर उपस्थापित करेंगे तथा सरकारी स्वीकृति प्राप्त करेंगे जिससे गोदरेज कम्पनी या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से सामग्रियों का क्रय किया जा सके।

**(अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग एवं नजारत उप समाहर्ता)**

**(छ)** इस परिसदन के भूतल के कमरों में पानी लगकर Damp के कारण दिवाल खराब होने एवं दीमक लगने से सामग्रियां खराब हो गयी है। इस कार्य हेतु कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, विशेषज्ञ से सम्पर्क स्थापित कर Ante Damp Treatment का प्राक्कलन तैयार कर दिनांक 01.07.07 तक सम्पन्न करा लिया जाय।

**(अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग)**

**(ज)** 09 कमरों जिसका बाथरूम का दरवाजा खराब हो गया है, दरवाजा बदलकर एक ही रंग से रंगवाना कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, पाटलीपुत्रा प्रमंडल सुनिश्चित करेंगे ताकि एकरूपता लगे।

**(अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग)**

**4. उद्यान**

कार्यपालक अभियंता, उद्यान प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग श्री वरूण कुमार ने बताया कि इनके द्वारा पॉच हजार गमलों एवं परिसदन में विभिन्न उद्यान संबंधी कार्यो का प्राक्कलन बनाकर भवन निर्माण विभाग को प्रेषित किया गया हैं। सचिव भवन निर्माण विभाग से अनुरोध कर इसके संबंध में अग्रिम राशि उपलब्ध करना सुनिश्चित करें।

**(अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, उद्यान प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग)**

**5. लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन**

कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन भी अपना कार्य प्राक्कलन के अनुरूप कार्य सम्पन्न करायेंगे। कार्य पूर्ण करने संबंधी प्रतिवेदन अगली बैठक के दो दिन पूर्व समर्पित करेंगे।

**(अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण संगठन)**

**6. विद्युत**

कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल द्वारा अपने से संबंधित कार्यो का विस्तृत प्राक्कलन आयुक्त, उर्जा विभाग को भेज दिया गया है। पुनः इसके लिये उनसे अनुरोध किया जाय तथा दूरभाष पर भी सम्पर्क करना सुनिश्चित करें। फिलहाल 09 कमरों में बिजली का हल्का–फुलका कार्य कर बिजली ठीक कर उसे कार्यरत करना है।

**(अनुपालन–कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल)**

**7. वाहनों की निलामी**

परिसदन के परिसर में जर्जर अवस्था में वर्षो से पड़े वाहनों की निलामी प्रकिया में है जिसमें आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना द्वारा पृच्छा की गयी है। नजारत उप समाहर्ता पृच्छा का जबाब भेजते हुये इस कार्य को दिनांक 26.6.07 तक सम्पन्न करायेंगे।

**8. पुराने एवं व्यवहार में लाये जा रहे उपस्करों/सामग्रियों की सूची**

परिसदन में जो भी पुराने एवं व्यवहार में लाये जा रहे उपस्करों/सामग्रियां है, की सूची चार प्रतियों में तैयार कर एक प्रति परिसदन में, एक प्रति गोपनीय शाखा में, एक प्रति नजारत शाखा में एवं एक अतिरिक्त प्रति सुरक्षित रखने का निदेश पूर्व में दिया गया था जिसका अनुपालन हेतु अवधायक, परिसदन को निदेशित किया गया है। साथ ही इसका कम्प्यूट्रीकृत कराने का भी निदेश दिया गया। नजारत उप समाहर्ता इसका अनुश्रवण सुनिश्चित करायेंगे।

**9. अन्यान्य :**

उन्हें यह भी निदेश दिया गया कि परिसदन में लगे सभी ताले पीतल के है जो गंदा हो गया है अतः उस ताले को परिसदन के अधीनस्थ चतुर्थ वर्गीय कमचारियों से ब्रासो से चमकवाना सुनिश्चित करायेंगे।

**(अनुपालन–परिसदन अवधायक एवं नजारत उप समाहर्ता)**

स–धन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

26.6.2007

(डॉ0 बी0 राजेन्दर)
जिलाधिकारी, पटना।

ज्ञापांक XI-6/07-848 / नजा0, दिनांक 910/ -27·6·07

प्रतिलिपि– सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि– आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

26.6.2007

जिलाधिकारी, पटना।

ज्ञापांक XI-6/07-846 /नजा0 दिनांक 910/ -27-6-07

प्रतिलिपि– सचिव, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

26.6.2007

जिलाधिकारी, पटना।

ज्ञापांक XI-6/07-846 /नजा0 दिनांक 910/ -27·6·07

प्रतिलिपि– सचिव, उर्जा विभाग, बिहार, पटना/विकास आयुक्त, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

26.6.2007

जिलाधिकारी, पटना।

ज्ञापांक XI-6/07-846 /नजा0 दिनांक 910/ -27-6-07

प्रतिलिपि– मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

26.6.2007

910/ जिलाधिकारी, पटना।

**डा0 बी0 राजेन्दर, जिलाधिकारी,पटना की अध्यक्षता में दिनांक.–20.05.07 को पटना परिसदन के विकास के लिए सम्पन्न बैठक की कार्यवाही:–**

**1.उपस्थिति:–**

1.डॉ0 बी0 राजेन्दर, भा0 प्र0 से0 जिलाधिकारी,पटना ।
2.डॉ0 महेन्द्र पाल,नजारत उप समाहर्ता,पटना ।
3.श्री दिनेश कुमार,कार्यपालक अभियंता,लोक स्वास्थ्य प्रमंडल,पटना पश्चिमी ।
4.श्री आर0एन0 दुबे,कार्यपालक अभियंता,भवन निर्माण एवं आवास विभाग,पाटलिपुत्र प्रमंडल,पटना ।
5.श्री नरेश कुमार गुप्ता,सहायक अभियंता,भवन निर्माण एवं आवास विभाग,पाटलिपुत्र प्रमंडल,पटना।
6.श्री कामेश्वर सिह,कार्यपालक अभियंता,लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल,पटना ।
7.श्री ठाकुर रामजी प्रसाद सिह,कार्यपालक अभियंता,विद्युत कार्य प्रमंडल,पटना।
8.श्री के0के0 वर्मा,कनीय अभियंता,पाटलिपुत्र भवन प्रमंडल,पटना ।
9.श्री शाहिद एकवाल,अवद्यायक,पटना परिसदन,पटना ।

**2.भूमिका:–**

पटना परिसदन बिहार राज्य का एक अति महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान है।इस परिसदन मे अतिविशिष्ट महानुभाव एवं बिहार के बाहर के अतिथि का आवासन होता है, परन्तु परिसदन का समुचित रख–रखाव के अभाव मे अतिथियों को कठिनाईयों का सामना करना पड.ता है,जिसके कारण राज्य की छवि पर भी प्रतिकुल प्रभाव पड.ता है

अतः निर्णय लिया गया है कि परिसदन के आवास,विद्युत ,पेयजल एवं अन्य व्यवस्था को उच्चस्तरीय बनाने हेतु प्रत्येक पन्द्रह दिनों में आयोजित होने वाली बैठक को जारी रखा जाय।

**3.भवन:–**

पटना परिसदन के उन्नयन के लिए भवन निर्माण विभाग को पूर्व में लिए गये निर्णय से अवगत कराते हुए निदेश दिया गया ।

(क) कार्यपालक अभियंता,भवन निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि संवेदक कि हत्या के कारण बन्द पडे. धौलपुर स्टोन लगाने का कार्य शीघ्र प्रारम्भ कर दिनांक–5.06.07तक अचूक रूप से पुरा कर दी जायगी।

(ख) कार्यपालक अभियंता,भवन निर्माण विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक–27.04.07 को अन्य निर्माण कार्यो की निविदा किसी संवेदक द्वारा नही डाला गया । पुनःनिविदा 05.06.07 तक आमंत्रित कर दिनांक– 10.06.07 तक बैरेक ,किचेन,स्टाफ क्वाटर ,गेट एवं वाउन्ड्रीवाल का कार्य प्रारम्भ कर दी जायगी।

(ग) परिसदन में टाइल्स लगाने का कार्य मार्गोनेट से लगाने का निदेश दिया गया ।

**अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता,भवन निर्माण विभाग,पटना।**

(घ) कार्यपालक अभियंता,भवन,विद्युत,एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने सामुहिक रूप से जानकारी दिया कि दिनांक– 05.06.07 तक प्रथम एवं द्वितीय तल्लों के नौ कमरों को आवासन योग्य तैयार कर सुपूर्द कर दिया जायगा।

**अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता,भवन,विद्युत,एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग,पटना।**

**4.विद्युत:–**

पटना परिसदन के उन्नयन से संबंधित विद्युत विभाग को पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय से अवगत कराते हुए निदेश दिया गया ।

(क) परिसदन के प्रथम एवं द्वितीय तल्ले को आवासन योग्य बनाए जा रहे नौ कमरों में गीजर लगाने हेतु स्वीकृति प्रा करने अथवा वजट से या अलग से प्रावधान कर गीजर कय कर लगाने का निदेश दिया गया ।

**अनुपालनः–कार्यपालक अभियंता,,विद्युतं विभाग,पटना।**

**5.दूरभाष:–**

पटना परिसदन के उन्नयन से संबंधित पूर्व में लिए गए निर्णय के अनुपालन एवं विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निदेश दिया गया ।

**अनुपालनः–मंडल अभियंता ,दूरभाष, पटना।**

6.उद्यानः—

(क) परिसदन के कमरों के आगे एवं अन्य आवश्यक जगहों पर अच्छे किस्म के फुलो का गमला रखने का निदेश दिया गया ।

(ख) आवश्यक उद्यान व्यवस्था हेतु प्राक्कलन शीघ्र तैयार करने का निदेश दिया गया।

अनुपालनः—कार्यपालक पदाधिकारी,उद्यान प्रमंडल,भवन निर्माण विभाग,पटना।

7.अन्य व्यवस्थाः—

1. अण्डर ग्राउण्ड वायरिंग से संबंधित 63,41,743.00 (तिरसठ लाख एकतालीस हजार सात सौतेतालीस) रूपयेमात्र का प्राक्कलन की स्वीकुति हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा बताया गया कि आयुक्त,उर्जाविभाग बिहार,पटना को अनुरोध पत्र देते हुएप्रतिलिपि आयुक्त ,पटना प्रमंडल ,पटना,विकास आयुक्त, बिहार,पटना एवं मुख्य सचिव,बिहार ,पटना को समर्पित करते हुए व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क कर स्वीकृति प्राप्त कर ली जायगी।
2. परिसदन के भोजन व्यवस्था,आउट सोर्सिंग से कराने हेतु प्रकिया करने का निदेश दिया गया ।

Rajendra 24.5.2007

जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक....XI-6/07 – 712 ..................../नजा0,पटना,दिनांक........24.5.07
प्रतिलिपि :—सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कारवाई हेतु प्रेपित।
प्रतिलिपि :—आयुक्त, पटना प्रमंडल ,पटना को सादर सूचनार्थ प्रेपित ।

Rajendra 24.5.2007

जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक...XI-6/07.......712....................../नजा0,पटना,दिनांक........24.5.07.
प्रतिलिपि :—सचिव,राजस्व पर्षद,बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ प्रेपित ।

Rajendra 24.5.2007

जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक......XI-6/07........712....................../नजा0,पटना,दिनांक.......24.5.07
प्रतिलिपि :—सचिव,उर्जा विभाग,बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ प्रेपित ।

Rajendra 24.5.2007

जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक.XI-6/07...............712....................../नजा0,पटना,दिनांक........24.5.07
प्रतिलिपिः— मुख्य सचिव,,बिहार,पटना को सादर सूचनार्थ प्रेपित ।

Rajendra 24.5.2007

जिलाधिकारी
पटना।

# डॉ0 बी0 राजेन्दर जिलाधिकारी, पटना की अध्यक्षता में दिनांक 14.4.07. को पटना परिसदन के विकास के लिए समपन्न बैठक की कार्यवाही :–

1. **उपस्थिति :–**

1. डॉ0 बी0 राजेन्दर , भा0 प्र0 से0 जिलाधिकारी ,पटना।
2. श्री आर0 के0 सिन्हा, अपर जिला दण्डाधिकारी,नजारत,पटना।
3. श्री अरूण कुमार सिह,नयाचार पदाधिकारी,पटना।
4. डॉ0 महेन्द्र पाल, नजारत उपसमाहर्ता, पटना।
5. श्री दिनेश कुमार,कार्यपालक अभियंता,लोक स्वास्थ्य प्रमंडल,पटना पश्चिमी।
6. श्री आर0एन0 दुबे, कार्यपालक अभियंता , भ0 नि0 एवं आवास विभाग , पाटलिपुत्र प्रमंडल, पटना।
7. श्री नरेश गुप्ता , सहायक अभियंता , भ0 नि0 एवं आवास विभाग , पाटलिपुत्र प्रमंडल , पटना।
8. श्री कामेश्वर सिह, कार्यपालक अभियंता , लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना।
9. श्री ठाकुर रामजी प्रसाद सिह,कार्यपालक अभियंता,विद्युत कार्यप्रमंडल,पटना।
10. श्री पवित्र पासवान , सहायक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल , पटना।
11. श्री के0 के0 वर्मा कनीय अभियंता पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल पटना।
12. श्री शेखर कुमार यादव, कनीय अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल पटना।
13. श्री देवेन्द्र कुमार सिह,जिला सूचना एव जन सम्पर्क पदाधिकारी,पटना ।
14. श्री लोकेश कुमार सिह,विशेष कार्य पदाधिकारी,ग्रामीण कार्य विभाग,बिहार, पटना।
15. श्री शाहिद एकवाल , अवधायक , पटना परिसदन ,पटना ।

2. **भूमिका:–**

पटना परिसदन बिहार राज्य का एक अति महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान है। इस परिसदन मे अतिविष्ट महानुभाव एवं बिहार के बाहर केअतिथि का आवासन होता है, परन्तु परिसदन का समुचित रख –रखाव के अभाव मे अतिथियो को कठिनाइयो का सामना करना पडता है, जिसके कारण राज्य की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पडता है।

राज्य अतिथियो को अन्य महँगे होटलो मे आवासन करना पडता है, जिससे वित्तिय बोझ भी राज्य पर पडता है ।

अतः निर्णय लिया गया है कि परिसदन के आवास, विद्युत, पेयजल एवं अन्य व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाने हेतु प्रत्येक पन्द्रह दिनो मेंआयोजित होने वाले बैठक को जारी रखा जाय ।

3. **भवन:–**

पटना परिसदन के उन्नयन के लिए भवन निर्माण विभाग को पूर्व बैठक मे लिए गए निर्णय से अवगत कराते हुए निदेश दी गई:–

(क) कार्यापालक अभियंता भवन निर्माण एवं आवास विभाग द्वारा बतलाया गया कि धौलपुर स्टोन लगाने का कार्य शुरू कर दिया गया है,जिसे31.5.2007 तक पुरा कर दिया जायगा ।

(ख) कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग ने बतलाया कि अन्य कार्यों का निविदा 27अप्रैल2007 को है,निविदा के उपरान्त पुलिस बैरक, किचेन, स्टाफ क्वाटर, बढ़िया गेट एवं बाउन्ड्री वाल का कार्य अचुक रूप से दिनांक–01मई2007 से प्रारंभ कर दी जायगी।

(ग) भवन विद्युत एवं स्वास्थ्य अभियंत्रण को समन्वय कर शीघ्र कार्य पुरा करने का निदेश दिया गया ।

(घ) बैरक के बगल में स्टोर रूम बनाने का निदेश दिया गया ।

(ड) डैम्प लगने वाले कमरों में एन्टी टाइमाइट लगाने का निदेश दिया गया।

(च) परिसदन परिसर में ईटा सोलिंग करने का निदेश दिया गया ।

(छ) परिसदन में एक जेनरेटर रूम बनाने का निदेश दिया गया।जहाँ से विद्युत व्यवस्था कन्ट्रोल किया जायेगा।

(ज) परिसदन के पिछे गैरेज में रखे गए एवं अन्य पुराने उपस्करों कीनीलामी हेतु तैयार सूची अवधायक पटना परिसदन से प्राप्त कर नीलामीकी कार्रवाई शीघ्र करने का निदेश दिया गया ।

(झ) परिसदन के प्रथम तल्ला के कमरा संख्या 20,21एवं 22 का टाइल्स बैठाने का कार्य शीघ्र करने का निदेश दिया गया ।

**(अनुपालनः– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग,पटना)**

**4. विद्युतः–**

पटना परिसदन केउन्नयन से सबंधित विद्युत विभाग को पूर्व की बैठक मे लिए निर्णय से अवगत कराया गया ।

(क) कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग ने जानकारी दिया कि 63,41,743.00 (तिरसठ लाख एकतालीस हजार सात सौ तैतालीस)रू0 के प्राक्लन की स्वीकृती प्राप्त नही हुई है, स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य प्रारम्भ कर दिया जायगा ।

(ख) परिसदन हेतु ध्वनी रहित (साइलेन्ट) 100 के0 भी0 ए0 जेनेरेटर कय करने हेतु आवश्यक कार्रवाई तैयार करने एव कय करने का निदेश दिया गया ।

(घ) परिसदन मे निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु अतिरिक्त दो फिडर अतिशीघ्र बैठाने का निदेश दिया गया ।

(ड.) परिसदन का एक मेन स्वीच बाहर लगाने का निदेशदिया गया जहाँ से पुरे परिसदन का विद्युत संचालित किया जा सके ।

(च) परिसदन के प्रत्येक कमरो मे टी0 भी0 केबुल , गीजर ,रूम हिटर आदि पोआइन्ट बनाने का निदेश दिया गया ।

**(अनुपालनः–कार्य0अभि0विधुत कार्यप्रमंडल, पटना)**

**5.दूरभाषः–**

पटना परिसदन के उन्नयन से संबंधित पूर्व में लिए गए निर्णय के अनुपालन एवं विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निदेश दिया गया ।

**(अनुपालनः–मंडल अभियंता दूरभाष)**

**6.स्वच्छताअधिष्ठापनः–**

(क) परिसदन के प्रथम तल्ला एवं द्वितीय तल्ला का कार्य ,भवन निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निदेश दिया गया

**(अनुपालनः– कार्यपालक अभियंता लोकस्वास्थ प्रमंडल, पटना)**

**7.उद्यान:-**

(क) परिसदन के कमरो के सामने एवं अन्य आवश्यक जगहों पर अच्छे किस्म के फुलों के साथ गमला रखने का निदेश दिया गया ।

(ख) आवश्यक उद्यान व्यवस्था हेतु प्राक्कलन शीघ्र तैयार करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन—कार्यपालकपदाधिकारी,उद्यान प्रमंडल,भ०नि०विभाग,पटना)

**8.अन्य व्यवस्था:-**

(1) सफाई एवं भोजन व्यवस्था(out soursing) बाहरी व्यवस्थासे कराने कराने हेतु आवश्यक कर्रवाई करने का निदेशदिया गया ।

(2) परिसदन के कर्मी के लिए सफेद पोशाक देने का निर्णय लिया गया,जिस पर पटना परिसदन, पटना अंकित हो।

(3) परिसदन के कमरों में टी०भी० कय करने हेतु सचिव,राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार,पटना को पत्र लिखने का निदेश दिया गया ।

(4) बैरक में चौकी रखने हेतु आवंटन प्राप्ति के पश्चात कय करने का निदेश दिया गया ।

(5) अवधायक पटना परिसदन को 1000.00(एक हजार) रूपये मात्रअग्रिम देने का निदेश दिया गया ।

(6) परिसदन के आगे का सिमल वृक्ष को काटने हेतु वन विभाग को पत्र लिखने का निदेश दिया गया. ।

(7) आवंटन प्राप्ति के पश्चात परिसदन हेतु सोफा कय करने का निदेश दिया गया ।

(8) स्थापना शाखा से सम्पर्क कर परिसदन में कार्य करनेकेइच्छुक कर्मी मेंसेदोकर्मियोकोपरिसदन मेंप्रतिनियुक्त करनेका निदेश दिया गया ।

(अनुपालन—नजारत उप समाहर्ता, पटना)

(9) परिसदन के उद्यान से केले का पेड़. कटाने का निदेश दिया गया ।

(10) परिसदन के प्रत्येक कमरों में एक सुझाव/परामर्श पुस्तिका रखने का निदेश दिया गया ।

(अनुपालन —अवधायक,पटनापरिसदन,पटना)

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

17/4/07 — 17.4.07 — 18.4.07

नजारत उप समाहर्ता, पटना | अपर जिला दंडाधिकारी, नजारत,पटना | जिलाधिकारी पटना

ज्ञापांक सं०सं०—XI—6/07......575......./नजा०,पटना, दिनांक 20/4/07

प्रतिलिपि:—सभी संबंधित पदाधिकारीयो को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:—आयुक्त ,पटना प्रमंडल, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।

17/4/07 — 17.4.07 — 18.4.07

नजारत उप समाहर्ता, पटना | अपर जिला दंडाधिकारी, नजारत,पटना | जिलाधिकारी पटना

ज्ञापांक सं0सं0–XI–6/07 575 /नजा0,पटना, दिनांक 20/4/07

प्रतिलिपिः–सचिव, राजस्व पर्षद बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

नजारत उप समाहर्ता, पटना

अपर जिला दंडाधिकारी, नजारत,पटना

जिलाधिकारी पटना

ज्ञापांक सं0सं0–XI–6/07 575 /नजा0,पटना, दिनांक 20/4/07

प्रतिलिपिः–सचिव ,उर्जा विभाग,बिहार,पटना/विकास आयुक्त, बिहार,पटना को सादर सूचानार्थ प्रेषित

नजारत उप समाहर्ता, पटना

अपर जिला दंडाधिकारी, नजारत,पटना

जिलाधिकारी पटना

ज्ञापांक सं0सं0–XI–6/07 575 /नजा0,पटना, दिनांक 20/4/07

प्रतिलिपि :–मुख्य सचिव ,बिहार, पटना को सादर सूचानार्थ प्रेषित।

नजारत उप समाहर्ता, पटना

अपर जिला दंडाधिकारी, नजारत,पटना

जिलाधिकारी पटना

# डॉ0 बी0 राजेन्दर जिलाधिकारी, पटना की अध्यक्षता के दिनांक 8.03.07. को पटना परिसदन के विकास के लिए हुई बैठक की कार्यवाही –

उपस्थिति–

1..

1. डॉ0 बी0 राजेन्दर, भा0 प्र0 से0 जिलाधिकारी, पटना ।
2. श्री आर0 के0 सिन्हा, अपर जिला दण्डाधिकारी, नजारत, पटना ।
3. श्री अरूण कुमार सिंह, नयाचार पदाधिकारी, पटना ।
4. डॉ0 महेन्द्र पाल, नजारत उपसमाहर्ता, पटना ।
5. श्री चन्द्रशेखर सिंह कार्यपालक पदाधिकारी, नुतन राजधानी, अंचल नगर निगम, पटना ।
6. श्री अखिलेश कुमार शर्मा, कार्यपालक अभियंता, भ0 नि0 एवं आवास विभाग, पाटलिपुत्रा प्रमंडल, पटना ।
7. श्री नरेश गुप्ता, सहायक अभियंता, भ0 नि0 एवं आवास विभाग, पाटलिपुत्रा, पटना
8. श्री कामेश्वर सिंह, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना ।
9. श्री वरूण कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी उद्यान प्रमंडल भ0 नि0 विभाग पटना
10. श्री दिनेश कुमार कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल पटना पश्चिमी ।
11. श्री पवित्र पासवान, सहायक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, पटना ।
12. श्री के0 के0 वर्मा कनीय अभियंता पाटलीपुत्र भवन प्रमंडल, पटना ।
13. मो0 अभिरूद्दीन अंसारी, कनीय अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, पटना ।
14. श्री शेखर कुमार यादव, कनीय अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, पटना ।
15. श्री शाहिद एकबाल, अवधायक, पटना परिसदन, पटना ।

2.भूमिका–

पटना परिसदन बिहार राज्य का एक अति महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान है। इस परिसदन मे अतिविशिष्ट महानुभाव एवं बिहार के बाहर के अतिथि का आवासन होता है, परन्तु परिसदन के समुचित रख रखाव के अभाव मे अतिथियो को कठिनाइयो का सामना करना पडता है, जिसके कारण राज्य की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पडता है।

राज्य अतिथियो को अन्य महॅगे होटलो मे आवासन करना पडता है, जिससे राज्य पर वित्तीय बोझ भी राज्य पर पडता है ।

अतएव निर्णय लिया गया है कि परिसदन के आवास, विद्युत, पेयजल एवं अन्य व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाने हेतु प्रत्येक माह आयोजित होने वाले बैठक को जारी रखा जाय ।

3. भवन–

पटना परिसदन के उन्नयन के लिए भवन निर्माण विभाग को पूर्व बैठक मे लिए गए निर्णय से अवगत कराते हुए स्वीकृत प्राक्कलन के कार्यों के संबंध मे जानकारी प्राप्त की गई ।

(क) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण एवं आवास विभाग द्वारा पूर्व बैठक मे दिए गए निदेश के बावजूद 23 फरवरी 07 से परिसदन के बाहरी दिवाल पर स्टोन लगाने का कार्य प्रारम्भ नही किए जाने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त किया गया ।

(ख) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग ने बतलाया कि 20 मार्च 07 से परिसदन की बाहरी दीवालो पर लगाये जाने वाले स्टोन कार्य प्रारम्भ हो जायेगा ।

(ग) परिसदन के उपरी तल्ले के 10(दस) कमरो मे मरम्मति का कार्य 9 मार्च 2007 से प्रारम्भ कर एक सप्ताह के अंदर पूरा करने का निर्णय लिया गया ।

(घ) परिसदन के पुराने उपकरणों / सामग्रियों को पी० डब्लू० डी० कोड के अनुसार निलामी की प्रक्रिया अतिशीध पूरा करने तथा नये उपस्करों एवं सामग्रियों हेतु प्राक्कलन तैयार कर उपस्थापित करने का निदेश दिया गया ।

(ङ) परिसदन के द्वितीय मंजिल के आर० सी० सी० विम जाली की मरम्मती का निदेश दिया गया ।

(च) परिसदन के कमरों में डैम्प लगने से बचाने हेतु प्राक्कलन तैयार कर अतिशीध उपस्थापित करने का निदेश दिया गया
(अनुपालन– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग,पटना)

**4. विद्युत–** पटना परिसदन के उन्नयन से संबंधित विद्युत विभाग को पूर्व की बैठक में लिए निर्णय से अवगत कराया गया ।

(क) कार्यपालक अभियंता, विद्युत विभाग ने जानकारी दिया कि 63,41,743.00 (तिरसठ लाख एकतालीस हजार सात सौ तैंतालीस)रू0 के प्राक्कलन की स्वीकृति प्राप्त होते ही कार्य प्रारम्भ कर दिया जायगा ।

(ख) परिसदन के चारो भेपर सोडियम बल्ब एक सप्ताह के भीतर बदलने का निदेश दिया गया ।

(ग) परिसदन हेतु ध्वनि रहित (साइलेन्ट) 100 के0 भी0 ए0 जेनेरेटर हेतु प्राक्कलन तैयार करने एवं क्रय का निदेश दिया गया ।

(घ) परिसदन मे निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु अतिरिक्त दो फिडर अतिशीध बैठाने का निदेश दिया गया ।

(ङ) परिसदन के प्रत्येक कमरो मे टी0 भी0 केबुल , गीजर ,रूम हीटर आदि का पोआइन्ट बनाने का निदेश दिया गया ।

(च) श्री शेखर कुमार यादव कनीय अभियंता विद्युत विभाग द्वारा परिसदन के कार्यों मे अभिरूचि नही लेने पर अप्रसन्नता प्रकट की गई तथा एक सप्ताह की मोहलत दी गई, कि वे अपने कार्यों मे वाछित सुधार करे, अन्यथा कारवाई की जायेगी ।

(छ) विद्युत मिस्त्री द्वारा परिसदन मे किए गए कार्यों की प्रविष्टि संधारित कर्म पुस्तिका मे दर्ज करने का निदेश दिया गया ।

(ज) परिसदन के उपरी तल्ले के10 कमरो का विद्युत मरम्मती कार्य 9 मार्च 2007 से प्रारम्भ कर भवन निर्माण विभाग से समन्वय कर एक सप्ताह मे पूरा करने का निदेश दिया गया ।
(अनुपालन –कार्य0अभि0विधुत कार्य0प्रमंडल पटना)

**5.दूरभाष**

पटना परिसदन के उन्नयन से संबंधित पूर्व में लिए गए निर्णय के अनुपालन एवं विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निदेश दिया गया ।
(अनुपालन–मंडल अभियंता दूरभाष)

**6.स्वच्छता अधिष्ठापन**

(क) परिसदन के तृतीय तल्ले स्थित सभी कमरों को आवासन योग्य बनाने हेतु 9मार्च07 से भवन निर्माण विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निदेश दिया गया ।

(ख) कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण प्रमंडल,पटना को निदेश दिया गया कि कार्य अच्छे ढंग से कराया जाय,ताकि आवासित अतिथियों को कठिनाई नही हो ।

(ग) परिसदन मेसंस्थापित टुटी हुई टंकी को बदलने एवं सफाई करने का निदेश दिया गया ।

(घ) प्रतिनियुक्त मिस्त्री द्वारा कमरा वार नल,फलुश आदिको ठीक कर संधारित कर्म पुस्तिका में प्रविष्टि करने का निदेश दिया गया ।

(ङ) परिसदन के पूर्व बैठक मे उद्यानों में पानी के नल संस्थापित करने के निदेश को ससमय अनुपालन किये जाने हेतु कार्यपालक अभियंता,लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण,पटना की सराहना की गयी।
(अनुपालन कार्यपालक अभियंता लोकस्वास्थ प्रमंडल पटना)

**7.उद्यान**

(क) पटना परिसदन हेतु एक सप्ताह के अन्दर सुयोग्य एवं संवेदनशील माली की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया ।

(ख) परिसदन के कमरो के सामने एवं अन्य आवश्यक जगहों पर अच्छे किस्म के फूलों के साथ गमला रखने का निदेश दिया गया ।

(ग) आवश्यक उद्यान व्यवस्था हेतु प्राक्कलन शीघ्र तैयार करने का निदेश दिया गया।
(अनुपालन–कार्यपालक पदाधिकारी, उद्यान प्रमंडल, भ०नि०विभाग, पटना)

8. अन्य व्यवस्था

(1) सभी पुराने एवं व्यवहार में लाये जा रहे उपस्करों / सामग्रियों की सूची चार पंजी में तैयार करने तथा एक–एक प्रति परिसदन, गोपनीय, नजारत एवं एक प्रति अतिरिक्त रखने का निदेश दिया गया।
( अनुपालन –अधाायक ,पटना परिसदन, पटना)

(2) कर्मपुस्तका को संधारण करने का निदेश दिया गया।
(अनुपालन –अधाायक ,पटना परिसदन, पटना)

(3) परिसदन में जर्जर पड़े गाड़ियों को तत्काल हटाने का निदेश दिया गया।
( अनुपालन –नयाचार पदाधिकारी ,पटना)

(4) नजारत उप समाहर्ता द्वारा प्रस्तुत अनुपालन प्रतिवेदन का अवलोकन करते हुए संतोष व्यक्त किया गया।

(5) परिसदन के कमरों हेतु पीतल का चाभी रिंग बनाने का निदेश दिया गया जिस पर कमरा संख्या अंकित हो।
(अनुपालन–नजारत उप समाहर्ता, पटना)

(6) उपरी तले के 10 (दस) कमरों हेतु पलंग एवं अन्य उपस्कर अतिशीघ्र कय करने का निदेश दिया ।
( अनुपालन –नजारत उप समाहर्ता, पटना )

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

[signature] 13.3.2007
जिलाधिकारी
पटना ।

ज्ञापांक सं0सं0–XI–6/07....377..../नजा0, पटना, दिनांक 14.3.07

प्रतिलिपि:–सभी संबंधित पदाधिकारी को सूचनार्थ एवम् आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपि:–आयुक्त ,पटना प्रमंडल पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।

[signature] 13.3.2007
जिलाधिकारी
पटना ।

ज्ञापांक सं0सं0–XI–6/07....377..../नजा0, पटना, दिनांक 14.3.07

प्रतिलिपि:–सचिव, राजस्व पर्षद बिहार पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

[signature] 13.3.2007
जिलाधिकारी
पटना ।

ज्ञापांक सं0सं0–XI–6/07....377..../नजा0, पटना, दिनांक 14.3.07

प्रतिलिपि:–सचिव ,उर्जा विभाग, बिहार, पटना / विकास आयुक्त, बिहार, पटना को सादर सूचानार्थ प्रेषित

[signature] 13.3.2007
जिलाधिकारी
पटना ।

ज्ञापांक सं0सं0–XI–6/07....377..../नजा0, पटना, दिनांक 14.3.07

प्रतिलिपि :–मुख्य सचिव ,बिहार, पटना को सादर सूचानार्थ प्रेषित।

[signature] 13.3.2007
जिलाधिकारी
पटना ।

47

# डॉ० बी० राजेन्दर, जिलाधिकारी, पटना की अध्यक्षता में दिनांक 10.02.07 को पटना परिसदन के विकास के लिए हुई बैठक की कार्यवाही :–

1. उपस्थितिः–

1. डॉ० बी० राजेन्दर, भा०प्र०से०, जिलाधिकारी, पटना।
2. श्री आर०के० सिन्हा, अपर जिला दंडाधिकारी, नजारत, पटना।
3. श्री अरूण कुमार सिंह, नयाचार पदाधिकारी, पटना।
4. डॉ० महेन्द्रपाल, नजारत उप समाहर्त्ता, पटना।
5. श्री चन्द्रशेखर सिंह, कार्यपालक पदाधिकारी, नुतन राजधानी, अंचल नगर निगम, पटना।
6. श्री अखिलेश कुमार शर्मा, कार्यपालक अभियंता भ०नि० एवं आवास विभाग, पाटलीपुत्र प्रमंडल, पटना।
7. श्री नरेश कुमार गुप्ता, सहायक अभियंता भ०नि० एवं आवास विभाग पाटलीपुत्र प्रमंडल, पटना।
8. श्री कामेश्वर सिंह, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य आंतरिक प्रमंडल, पटना।
9. श्री ठाकुर रामजी प्रसाद सिंह, कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, पटना।
10. श्री शशि शेखर, सहायक वन संरक्षक, पटना वन प्रमंडल, पटना।
11. श्री दीपक कुमार, सहायक अभियंता, टेलीफोन, पटना पश्चिमी।
12. मो० मंजूर नसीर, सहायक अभियंता, सबडिवीजन सचिवालय।
13. श्री पवित्र पासवान, सहायक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, पटना।
14. श्री शाहिद एकवाल, अवधायक, पटना परिसदन, पटना।

2. **भूमिका**

पटना परिसदन पूरे बिहार राज्य की राजधानी का एक महत्वप पूर्ण प्रतिष्ठान है। इस परिसदन में अतिविशिष्ट महानुभाव, बिहार के बाहर के अतिथि आवासन करते हैं, परन्तु इस परिसदन के समुचित रख–रखाव के अभाव के फलस्वरूप अतिथियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। फलस्वरूप राज्य की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

राज्य के अतिथियों को अन्य मंहगे होटलों में आवासन करना पड़ता है, जिससे राज्य पर वित्तीय बोझ पड़ता है।

अतएव निर्णय लिया गया है कि परिसदन के आवास, विद्युत, पेयजल एवं अन्य व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाने के लिए प्रत्येक माह एक बैठक का आयोजन किया जाय।

3. **भवन**

पटना परिसदन के उन्नयन के लिए भवन निर्माण विभाग को पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय से अवगत कराते हुए भेजे गये प्राक्कलन की स्वीकृति के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई।

(क) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि स्वीकृत प्राक्कलन के विरुद्ध 23 फरवरी से बाहरी दिवाल पर स्टोन लगाने का कार्य शुरू हो जायेगा।

(ख) तृतीय मंजिल स्थित सभी कमरों की मरम्मति, पेन्ट आदि कराने एवं किवाड़ों की मरम्मति हेतु निदेश दिया गया।

(ग) द्वितीय मंजिल आर.सी.सी. विम्ब जाली की मरम्मति का निदेश दिया गया।

(घ) परिसदन के कमरों में डैम्प लगने से बचाने हेतु प्राक्कलन तैयार करने का निदेश दिया गया।

(ङ) परिसदन के खाली पड़े कमरों के लिए पलंग, डायनिंग टेबुल, शोफा, ड्रेसिंग टेबुल आदि के लिए प्रावकलन बनाने का निदेश दिया गया।

(अनुपालनः— कार्यपालक अभि०,भ०नि०वि०)

4. **विद्युत**

पटना परिसदन उन्नयन से संबंधित विद्युत विभाग को पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णय से अवगत कराया गया।

कार्यपालक अभियंता विद्युत ने जानकारी दिया कि विभाग को भेजे गये 63,41,743.00( तिरसठ लाख एकतालीस हजार सात सौ तेतालीस) रुपये मात्र का प्राक्कलन की मंत्रीमंडल से स्वीकृति के बाद कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा।

(क) परिसदन हेतु ध्वनि रहित (साईलेन्ट) 100KVA जेनरेटर हेतु प्राक्कलन बनाने एवं क्रय करने का निदेश दिया गया।

(ख) विद्युत का अतिरिक्त दो फीडर अतिशीघ्र बैठाने का निदेश दिया गया, जिससे निर्वाध बिजली आपूर्ति हो सके।

(ग) परिसदर के प्रत्येक कमरों में टी०भी० केबुल पोआइंट, गीजर, रूम हीटर पोआइंट आदि बनाने का निदेश दिया गया।

(अनुपालनः— कार्यपालक अभियंता विद्युत कार्य प्रमंडल, पटना।)

5. **दूरभाष**

पटना परिसदन के अन्दर ग्राउण्ड वायरिंग के प्राक्कलन स्वीकृति के बाद विद्युत विभाग से समन्वय स्थापित कर दूरभाष हेतु अंडरग्राउण्ड वायरिंग का कार्य करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालनः— मंडल अभियंता, दूरभाष, पटना। )

6. **स्वच्छता अधिष्ठापन**

(क) परिसदन के तृतीय तल्ले स्थित सभी कमरों को आवासन योग्य बनाने हेतु शौचालय, स्नानागार एवं पानी संबंधी व्यवस्था को अतिशीघ्र मरम्मति का निदेश दिया गया।

(ख) परिसदन के उद्यानों में तत्काल पानी का नल स्थापित करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालनः— कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, पटना।)

7. **वन**

श्री शशि शेखर, सहायक वन संरक्षक, पटना वन प्रमंडल ~~पदाधिकारी~~ पटना द्वारा लगवाये गये 58(अनठावन) पौधों का कोई अनुश्रवण नहीं होने के कारण सभी पौधे नष्ट होने के कारण जिलाधिकारी महोदय द्वारा खेद व्यक्त करते हुए पुनः नये सिरे उद्यान में पौधा लगाकर प्रभावकारी अनुश्रवण करने का निदेश दिया गया।

(क) उद्यान से सिमल का पेड़ तत्काल हटवाने का निदेश दिया गया।

(अनुपालनः— प्रमंडलीय वन पदाधिकारी, पटना।)

8. **अन्य व्यवस्था**

(क) परिसदन के सेप्टी टैंक एवं नाली आदि की सफाई शीघ्र कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालनः— कार्यपालक पदाधिकारी, नूतन राजधानी, अंचल नगर निगम, पटना।)

(ख) परिसदन के तृतीय तल्ले के 10 (दस) कमरों को आवासन योग्य करने हेतु डबल बेड पलंग–10(दस), मच्छरदानी डंडा सहित, गद्दा, चादर, पर्दा, मच्छरदानी, 20 कुर्सी, सेन्टर टेबुल, ड्रेसिंग टेबुल आदि स्थानीय बाजार से कोटेशन प्राप्त कर क्रय करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालनः– नजारत, उप समाहर्त्ता, पटना।)

(ग) 20 (बीस) गोदरेज ताला अतिशीघ्र खरीदकर आपूर्ति करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालनः– नजारत, उप समाहर्त्ता, पटना।)

(घ) परिसदन के कार्यों में अभिरूचि करनेवाले नवनियुक्ति चतुर्थवर्गीय/तृतीय वर्गीय दो–दो कर्मचारियों को परिसदन में पदस्थापित करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालनः– स्थापना, उप समाहर्त्ता, पटना।)

(ड़) परिसदन में पड़े गाड़ियों को तत्काल हटाने का निदेश गया।

(अनुपालनः– नयाचार पदाधिकारी, पटना।)

(च) एडम ऐजेन्सी द्वारा परिसदन परिसर के उद्यान में किये गये सौन्दर्यीकरण कार्य पर संतोष व्यक्त किया गया।

सधन्यबाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

[signature] 14.2.2007

जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक–सं०सं०– XI-6/07-269......................../नजा०, पटना दिनांक 15.2.07
प्रतिलिपिः– सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
प्रतिलिपिः– आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

[signature] 14.2.07

जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक–सं०सं०– XI-6/07-269......................../नजा०, पटना दिनांक 15.2.07
प्रतिलिपिः– सचिव, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

[signature] 14.2.07

जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक–सं०सं०– XI-6/07-269......................../नजा०, पटना दिनांक 15.2.07
प्रतिलिपिः– सचिव, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना/विकास आयुक्त, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

[signature] 14.2.2007

जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक–सं०सं०– XI-6/07-269......................../नजा०, पटना दिनांक 15-2-07
प्रतिलिपिः– मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

[signature] 14.2.2007

जिलाधिकारी,
पटना।

## डॉ० बी० राजेन्दर, जिलाधिकारी, पटना की अध्यक्षता में दिनांक 06.01.07 को पटना परिसदन के विकास के लिए हुई बैठक की कार्यवाही:—

1. उपस्थिति:—

1. डॉ० बी० राजेन्दर, भा०प्र०से०, जिलाधिकारी, पटना।
2. श्री आर०के० सिन्हा, अपर जिला दंडाधिकारी, नजारत, पटना।
3. श्री दिनेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल पटना।
4. श्री ठाकुर रामजी प्रसाद सिंह, कार्यपालक अभियंता, विद्युत कार्य प्रमंडल, पटना।
5. श्री दीपक कुमार, मंडल अभियंता, दूरभाष, बी.एस.एन.एल., पटना।
6. श्री अजय कुमार, यादव, भा०प्र०से०, (परीक्ष्यमान)।
7. श्री कामेश्वर सिंह, कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य आंतरिक प्रमंडल, पटना।
8. श्री नरेश कुमार, गुप्ता, सहायक अभियंता, भवन निर्माण एवं आवास विभाग, पाटलीपुत्र प्रमंडल, पटना।
9. श्री कौशल किशोर वर्मा, कनीय अभियंता, भवन निर्माण विभाग, पटना।
10. श्री अरूण कुमार सिंह, नयाचार पदाधिकारी, पटना।
11. डॉ० महेन्द्र पाल, नजारत उप समाहर्त्ता, पटना।
12. श्री शाहिद एकवाल, अवधायक, पटना परिसदन, पटना।

2. भूमिका:—

पटना परिसदन पूरे बिहार राज्य की राजधानी का एक महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान है। इस परिसदन में अति विशिष्ट महानुभाव, बिहार के बाहर के अतिथि आवासन करते हैं। परन्तु इस परिसदन के समुचित रख–रखाव के अभाव के फलस्वरूप अतिथियों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है और राज्य की छवि पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। राज्य के अतिथियों को अन्य मंहगें होटल में आवासन करना पड़ता है। जिससे राज्य पर वित्तीय बोझ पड़ता है।

अतएव निर्णय लिया गया कि परिसदन के आवास, विद्युत, पेयजल एवं अन्य व्यवस्था को उच्च स्तरीय बनाने के लिए प्रत्येक माह एक बैठक का आयोजन किया जाय। इस बैठक के सदस्य सचिव, नजारत उप समाहर्त्ता होगें। जो समय–समय पर पटना परिसदन की समुचित व्यवस्था बनाये रखने हेतु बैठक बुलाया करेंगे।

3. भवन:—

(क) पटना परिसदन के उन्नयन के लिए भवन निर्माण विभाग को पूर्व की बैठक में लिये गये निर्णय से अवगत कराते हुए मरम्मति एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था के लिए प्राक्कलन बनाने का निदेश दिया गया था उनके द्वारा निम्नवत प्राक्कलन तैयार किये गये।

| क्र० | संबंधि कार्य | प्राक्कलन की राशि |
|---|---|---|
| 1. | एस/आर टू क्वाटर सरफेस (फिक्सींग) धौलपुर स्टोन के साथ | 13,70,931.00 |
| 2. | मार्बल एण्ड ज्वाइंट फ्री टाइल्स फ्लूरिंग प्रथम एवं द्वितीय मंजिल | 21,89,960.00 |
| 3. | क्वाटर एण्ड एडीशन बरामदा 4 सेट 3, 3 सेट 2, पियून क्वाटर 2 सेट 2, गैरेज और केयर टेकर रेसिडेन्स | 7,07,500.00 |
| 4. | पी.सी.सी. बाथरूम, लैट्रीन सेप्टी टैंक, ड्रेन आदि | 4,15,400.00 |
| 5. | बैरक (20 बिस्तर) | 4,11,200.00 |
| 6. | पी.सी.सी.चिकेन मेरा, वाटर प्रुफ सिमेन्ट प्लास्टर, टारफेल्ट वर्क आदि | 4,34,882.00 |
| 7. | किचेन हेतु | 5,57,200.00 |
| 8. | 5 (पाँच) अदद गैरेज हेतु | 2,78,800.00 |
| | | **63,65,873.00** |

श्री नरेश कुमार गुप्ता सहायक अभियंता, भवन निर्माण एवं आवास विभाग, पाटलीपुत्र प्रमंडल, पटना ने जानकारी दी, विभाग को भेजे गये उपरोक्त 63,65,873.00 रुपये के प्राक्कलन में क्रमांक 1, एस./आर., क्वाटर सरफेस(फिक्सींग) धौलपुर स्लेब के साथ 13,70,931.00 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गयी है। इसका टेण्डर कर फरवरी से कार्य प्रारंभ कर दी जायेगी तथा एक माह में पूरी कर ली जायेगी।

क्रमांक 2 से 8 तक 49, 94, 942.00 (उनास लाख चौरानवे हजार नौ सौ बेयालीस) रुपये मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु जिलाधिकारी, पटना के तरफ से सचिव, भवन निर्माण विभाग को पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

(ख) परिसदन के नीचे के कमरों में डैम्प लगता है, तत्संबंधी प्राक्कलन तैयार करेंगे।
(ग) परिसदन के अन्दर के रोड का कालीकरण हेतु प्राक्कलन तैयार करेंगे।
(घ) परिसदन के मेन गेट को आकर्षक एवं बाउन्ड्रीवाल से मिलता जुलता रंग का बनाने हेतु प्राक्कलन एक सप्ताह के अन्दर देंगे।
(ङ) परिसदन के कमरे के पलंग आदि फर्नीचर का प्राक्कलन तैयार करेंगे।
(च) पुराने फर्नीचर का आकलन कर पुराने फर्नीचर नीलाम करने का निदेश दिया गया।
(छ) स्नानागार एवं शौचालय में अच्छी किस्म के टाइल्स लगाने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन–कार्यपालक अभि० भवन निर्माण, विभाग)

4. **विद्युतः–**

विद्युत से संबंधित व्यवस्था के लिए बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार संबंधित विभाग के अभियंता द्वारा प्राक्कलन तैयार किया जिसके अनुसार विद्युत के तार को अंडर ग्राउण्ड वायरिंग से संबंधित विद्युत कार्यपालक अभियंता के द्वारा अपने विभाग को भेजे गये प्राक्कलन 63,41,743.00 (तिरसठ लाख एकतालीस हजार सात सौ तेतालिस ) रुपये मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति हेतु स्मार पत्र जिलाधिकारी, महोदय के माध्यम से लिखने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन–. नजारत उप समाहर्त्ता, पटना।)

5. **दूरभाषः–**

निम्नांकित निदेश दिया गयाः–

(क) दूरभाष एवं विद्युत वायरिंग को साथ–साथ अंडर ग्राउण्ड करने हेतु निदेश दिया गया।
(ख) टेलीफोन एवं ब्राड बैंड का कनेक्शन परिसदन के हर कमरे में करने का निदेश दिया गया।
(ग) टी० भी० केवल के लिए डिश का तार को सभी कमरों में पोआइन्ट देने का निदेश दिया गया है।

(अनुपालन– कार्य० अभि०, भ० नि० वि० एवं मंडल अभि०,दूरभाष,पटना।)

6. **स्वच्छता अधिष्ठापनः–**

श्री शाहिद एकवाल, अवधयक, पटना परिसदन ने जानकारी दी, पानी की टंकी की सफाई नियमित ढ़ंग से हो रही है।

(क) पानी की टंकी आदि सफाई के लिए दो कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति करने का निदेश दिया गया।
(ख) गार्डन में पानी की व्यवस्था करने तथा लौन के चारों ओर पानी के टेप आदि की व्यवस्था करने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन– कार्य० अभि०, लोक स्वा०अभि०, पटना।)

7. **उद्यानः–**

एडम एजेन्सी को परिसदन के उद्यान का रख–रखाव एवं सौन्दर्यीकरण के लिए निदेश दिया गया तथा एक माह के अन्दर निदेशित कार्य को पूरा करने का आदेश भी दिया गया।

8\. अन्य व्यवस्था:–

(क) अवधायक, पटना परिसदन द्वारा दी गई अधियाचना की परिपूर्ति 24 घंटे के अन्दर किया जाय।

(ख) 10 (दस) बजाज का रूम हिटर/ब्लोअर, 10(दस) रेगण्डरा का कम्बल जिसमें पटना परिसदन, पटना लिखा हो तथा 18 कमरों का तौलिया, चादर, तकिया खोल, बेड कवर, मच्छरदानी आदि की खरीदेगी कर आपूर्ति कराने का निदेश दिया गया।

(अनुपालन– नजारत उप समाहर्त्ता, पटना।)

(ग) पुरानी गाड़ियों की लौग बुक एवं हिस्ट्रीबुक नयाचार से प्राप्त कर निलामी की प्रक्रिया 15 दिनों के अन्दर पूरा करेंगे।

(घ) परिसदन की व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने हेतु दो और अनुसेवी की प्रतिनियुक्ति हेतु स्थापना उप समाहर्त्ता से अनुरोध करने हेतु निदेश दिया गया।

(अनुपालन– नयाचार पदाधिकारी एवं नजारत उप समाहर्त्ता,पटना।)

सधन्यबाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

Rajesh 8.1.2007

जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक–सं०सं०– 65 /नजा०, पटना दिनांक 9/1/07

प्रतिलिपि:– सभी संबंधित पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि:– आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Rajesh 8.1.2007

जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक–सं०सं०– 65 /नजा०, पटना दिनांक 9/1/07

प्रतिलिपि:– सचिव, राजस्व पर्षद, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Rajesh 8.1.2007

जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक–सं०सं०– 65 /नजा०, पटना दिनांक 9/1/07

प्रतिलिपि:– सचिव, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना/विकास आयुक्त, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Rajesh 8.1.2007

जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक–सं०सं०– 65 /नजा०, पटना दिनांक 9/1/07

प्रतिलिपि:– मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Rajesh 8.1.2007

जिलाधिकारी,
पटना।